# सेवन जलाशय योजना

## संक्षिप्त टीप

### सेवन जलाशय योजना जिला सागर के वैकल्पिक एलाइनमेंट का तुलनात्मक विवरण

सेवन जलाशय योजना सागर जिले की मालथौन तहसील के मालथौन विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम सेवन के पास स्थानीय **नाला** पर प्रस्तावित है। योजना की प्रशासकीय स्वीकृति म.प्र. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्र. एफ.–22/03/2016–17/ल.सि./31/1659 भोपाल दिनांक 31.12.2016 रू. 409.97 लाख की 139 हे. रूपांकित सिंचाई हेतु प्रदाय की गई। योजना के प्रस्तावित स्थल पर 2.80 वर्ग कि.मी. जलग्रहण क्षेत्र है, एवं 75% विश्वसनीयता पर अधिकतम 0.864 मि.घ.मी. जल की आवक है। योजना में उपलब्ध पानी के अनुसार तीन वैकल्पिक स्थलों पर कुल प्रभावित भूमि, वनभूमि का अध्ययन किया गया जिनका तुलनात्मक विवरण निम्नानुसार हैः–

**1. एलाइनमेंट नं. 1 :–**

एलाइनमेंट क्र. 2 के नीचे की ओर ग्राम सेवन के समीप सर्वेक्षण कार्य में आर.एल. 510.00 मी. के जलस्तर पर कुल भराव क्षमता 0.864 मि.घ.मी. प्राप्त होती है। जिसमें कुल 17.50 हे. भूमि डूब में आ रही है। जिसमें से 9.00 हे. वन भूमि एवं 8.50 हे. निजी एवं शासकीय भूमि डूब में प्रभावित होती है। इससे 139 हे. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

**2. एलाइनमेंट नं. 2 :–**

एलाइनमेंट नं. 2 को स्थानीय नाले पर ग्राम सेवन के पास एलाइनमेंट नं. 1 के नीचे की ओर सर्वेक्षण करने पर आर.एल. 509.50 मी. के जलस्तर पर कुल भराव क्षमता 0.864 मि.घ.मी. प्राप्त होती है। जिसमें कुल 16.35 हे. भूमि डूब में आ रही है, जिसमें से 8.10 हे. वनभूमि एवं 8.25 हे. निजी एवं शासकीय भूमि डूब में प्रभावित होगी। इससे 139 हे. क्षेत्र में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

**3. एलाइनमेंट नं. 3 :–**

एलाइनमेंट नं. 3 को स्थानीय नाले पर ग्राम सेवन के समीप सर्वेक्षण करने पर आर.एल. 508.35 मी. के जलस्तर पर कुल भराव क्षमता 0.864 मि.घ.मी. प्राप्त होती है। इसमें कुल 15.93 हे. भूमि डूब में आ रही हें जिसमें से 6.26 हे. वन भूमि, राजस्व

में सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी।

उपरोक्त तीनों विकल्पों पर अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्डल सागर से विचार विमर्श किया गया एवं इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि तीनों विकल्पों में से वन एवं गैर वन भूमि के डूब एवं जलभराव क्षमता के तुलनात्मक विश्लेषण अनुसार विकल्प नं. 3 ही सर्वोत्तम विकल्प है।

| स. क्र. | वैकल्पिक एलाइनमेंट | कुल भराव क्षमता मि.घ.मी. | कुल डूब क्षेत्र हे. में | प्रभावित वन भूमि हे. में | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | एलाइनमेंट 1 | 0.864 | 17.50 | 9.00 | कोई ग्राम डूब प्रभावित नहीं है। |
| 2 | एलाइनमेंट 2 | 0.864 | 16.35 | 8.10 | |
| 3 | एलाइनमेंट 3 | 0.864 | 15.93 | 6.26 | |

अतः योजना निर्माण का विकल्प नं. 3 सर्वोत्तम विकल्प है, अन्य विकल्प वनभूमि एवं कृषि भूमि की डूबने की दृष्टि से तकनीकि, आर्थिक, सामाजिक दृष्टि से निर्माण योग्य सही प्रतीत नहीं होते हैं।

अतः विकल्प–3 जिस पर प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है, को मान्य किये जाने का अनुरोध है।

उपयंत्री

(डी.पी. तिवारी)
अनुविभागीय अधिकारी
बाबिर मटिया शीर्ष कार्य उपसंभाग मालथौन
जिला–सागर (म.प्र.)

(ए.के. चौबे)
कार्यपालन यंत्री
जल संसाधन संभाग क्र. 1 सागर
जिला–सागर (म.प्र.)